तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 सड़क सुरक्षा पर कलेक्टर सख्त, यातायात नियमों के उल्लंघन ...

11 चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालुओं ...




# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर बालोद जिले के समस्त कर्मचारी अधिकारी 18 मार्च को भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अपने प्रमुख 11 मांगो को लेकर ज्ञापन कलेक्टर दिव्या मिश्रा को सौंपा।

- डीए एरियर्स और वेतन विसंगतियों पर उठाई आवाज

ज्ञातव्य हो कि प्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से अपनी लंबित मांगों के लिए आंदोलित है। संघ के प्रमुख मांगो मे मोदी की गारंटी अनुसार वर्ष जुलाई 2016 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8,16,24,32 वर्ष में दिया जाए। मध्यप्रदेश की भांति प्रदेश में अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवयों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए।

जुलाई 2019 से लंबित मंहगाई भत्ता के एरियर्स को सामान्य भविष्य निधि खाते में समायोजित करना, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में देना, अर्जित अवकाश, प्रदेश के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभदिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## समस्या : सुबह 4 बजे से लाइन, फिर भी नहीं मिलता पर्याप्त पानी

# झरनों की नगरी दल्लीराजहरा में गहराया जल संकट, महिलाएं पहुंचीं नगर पालिका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

कभी झरनों की नगरी के नाम से पहचान रखने वाला दल्लीराजहरा शहर इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहा है। ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होते ही नगर के श्रमिक बहुल क्षेत्रों में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना अलग-अलग वार्डों से महिलाओं के समूह नगर पालिका पहुंचकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन समाधान अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहा।

- प्रशासन के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर

महिलाओं का आक्रोश पानी नहीं, फिर भी बढ़ा टैक्स क्यों शहर के वार्ड क्रमांक 3, 7 और 12 की महिलाओं ने बताया कि हम लोग सुबह 4 बजे से पानी के लिए लाइन में लगते हैं, फिर भी पर्याप्त पानी नहीं मिलता। ऊपर से जलकर, स्वच्छता कर और संपत्ति कर लगातार बढ़ाया जा रहा है। सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। महिलाओं ने साफ कहा कि समय पर टैक्स चुकाने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि परिषद गठन के एक साल बाद भी विधिवत बैठक नहीं हुई। नगर विकास की योजनाएं केवल कागजों में सीमित हैं अध्यक्ष का ध्यान जनहित के बजाय पार्टी की अंदरूनी राजनीति में अधिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि बहुत जल्द शहर के विभिन्न वार्डों के लोगों के साथ नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सभी आरोप निराधार

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही सभी 27 वार्डों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि शहर में कहीं भी पानी की गंभीर कमी नहीं है, विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

- **तोरण साहू**, नगर पालिका अध्यक्ष

### नियमों की अनदेखी का आरोप

नगरीय निकाय अधिनियम के तहत हर 3 माह में परिषद की बैठक आवश्यक है, लेकिन आरोप है कि अब तक एक भी विधिवत बैठक नहीं हुई। इसे शहर विकास के प्रति उदासीनता का बड़ा संकेत माना जा रहा है। वार्डवासियों की पीड़ा टैंकर भी नहीं पहुंचते समय पर कुछ वार्डवासियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई इलाकों में 2-3 दिन तक नल नहीं खुलते पाइपलाइन लीकेज की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती। एक बुजुर्ग निवासी शयाम लाल ने बताया पहले झरनों के लिए पहचान थी, अब पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। महिलाओं का फूटा गुस्सा टैक्स बढ़ा, पानी घटा शहर के वार्डों से पहुंची महिलाओं ने साफ कहा कि हम समय पर जलकर, स्वच्छता कर और संपत्ति कर जमा करते हैं, लेकिन बदले में न तो पर्याप्त पानी मिल रहा है और न ही बुनियादी सुविधाएं। महिलाओं की मांग है कि बढ़े हुए जलकर को कम किया जाए स्वच्छता कर में राहत दी जाए नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती 34 लाख से अधिक की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विशेष अभियान चलाकर लगातार जागरूकता अभियान एवं कार्यवाही की जा रही है।

- ढाई माह में 8009 चालकों पर कार्रवाई
- यातायात पुलिस की अपील नियमों का करें पालन

इस विशेष अभियान के दौरान विगत ढ़ाई माह में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले 8009 वाहन चालकों से 34,81,800 रूपए चालानी कार्यवाही की गई है। जिसमें मुख्य रूप से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 186 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया जहां शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर 20,13,500 का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 275 वाहन चालकों पर 1,40,500 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई है। ज्ञातव्य हो कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध में 10,000 रूपए जुर्माना एवं 06 माह की कारावास एवं द्वितीय अपराध पर 15,000 रूपए जुर्माना एवं 02 साल तक की सजा का प्रावधान है।

बालोद पुलिस द्वारा शहर यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु बालोद शहर में नेशनल हाईवे में खतरनाक ढंग से जीवन सकंट उत्पन्न करने के लायक अवैधानिक रूप खड़े वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है, इन वाहन चालकों के विरूद्व धारा 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाना है। साथ ही नो पर्किंग में खड़े वाहनों पर भी लगातार लॉक लगाकर मोटरयान अधिनियम के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि आज से, देवी मंदिरों में तैयारी पूरी



**बालोद।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मां के नौ रूपो की पूजा अर्चना का प्रारंभ आज से प्रारंभ होगा। जिसके लिए देवी मंदिरो में विशेष तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिले में 9 से 27 मार्च तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न देवी मंदिरो में मनोकामना ज्योति आज पूर्ण रीति रिवाज से प्रज्वलित की जाएगी। जहां आज से देवी मंदिरो में भक्तो की टोली माता के दर्शन के पहुंचते नजर आएंगे। जहां मंदिरो में पहुंचने वाले भक्तो के लिए मंदिर समितियो द्वारा विभिन्न तैयारियां की जा चूकी है। वही विभिन्न मंदिर समितियो द्वारा नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया है। वही मनोकामना ज्योति के लिए झलमला स्थित मां गंगा मईया में घी के 130 व तेल के 1171 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। शहर के शीतला माता मंदिर में 91 तेल की ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। ग्राम नारागांव स्थित मां सियादेवी मंदिर में तेल व घी के 350 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है।

### गुड़ी पर्व पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को हिन्दू नववर्ष गुड़ी पडवा के अवसर पर शहर में 19 मार्च को शीतला मंदिर प्रांगण नया बस स्टैण्ड बालोद में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन सुबह 8 बजे से किया गया है। जिसमे श्रीमद् जगद्गुरूर रामानंदाचार्य, नरेन्द्राचार्यजी, जगद्गुरू रामांनदाचार्य दक्षिण पीठ नाणीजधाम द्वा सनातन परंपरा के अनुसार प्रभात में शोभायात्रा, भजन कीर्तन, विभिन्न हिन्दू संस्कृति को परिलक्षित करने वाली झाकियायो के साथ हिन्दू नववर्ष मनाया जाएगा। जिसमें धमतरी, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, कांकेर एवं राजनांदगांव के लोग भी सम्मिलित होंगे।

# विस घेराव में दल्ली राजहरा कांग्रेस की रही बड़ी भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में दल्ली राजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मनरेगा योजना की सुरक्षा, आसमान छूती महंगाई, बढ़ते बिजली बिल और जंगल कटाई जैसे गंभीर जनहित मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया, संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा और गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद भी कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए आंदोलन को मजबूती प्रदान की।

- महंगाई, बिजली बिल और मनरेगा मुद्दों पर सरकार घेरा
- सचिन पायलट, भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत समेत कई विधायक, पूर्व विधायक और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। हजारों की संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की ओर कूच कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि और बिजली बिलों के बोझ से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस आम जनता और मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

दल्ली राजहरा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे रतिराम कोसमा ने कहा कि विधानसभा घेराव से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है। उन्होंने संकेत दिया कि जल्द ही दल्ली राजहरा नगर पालिका में बैठे भाजपा नेतृत्व के खिलाफ भी जोरदार घेराव किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

# पैरावट में भीषण आग, चारा जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तीन किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद मवेशी के चारे के लिए रखे पैरावट में आग लग गई, जिसके कारण तीन किसानों के द्वारा रखे गए पैरावट जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोड़ेवा के हरिराम साहू, कंवल सिन्हा और नेतराम ठाकुर तीनों किसानो द्वारा अपने 20 एकड़ के फसल कटाई के बाद मवेशी के चारा के लिए गांव के पास ही तीनों किसानों ने अपना अपना पैरावट एक दूसरे के अगल बगल रखा हुआ था। जहां सबसे पहले कंवल सिन्हा के खलिहान में आग लगी, जो देखते ही देखते अन्य दोनों किसानों के पैरावट तक फैल गई जब तक ग्रामीण पहले पैरावट में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास कर पाते, उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया तथा अन्य दो पैरावट में भी फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने अर्जुंदा थाना और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। बालोद से पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आग को आस पास फैलने से रोका। जिस स्थान पर आग लगी, वहां से कुछ ही दूरी पर बस्ती स्थित है। इससे आग फैलने पर बड़ा हादसा होने का डर था।

# कोचेरा उपकेंद्र की क्षमता बढ़ी, 11 गांवों के 2300 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र सीएसपीडीसीएल के अंतर्गत बालोद विद्युत संभाग के खपरी वितरण केंद्र अंतर्गत 33/11 केवी कोचेरा उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपकेंद्र में पहले से स्थापित 3.15 एमवीए के दो ट्रांसफार्मरों में से एक को बदलकर 05 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिसे 10 मार्च को ऊर्जाकृत किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य के पश्चात सबस्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 8.15 एमवीए हो गई है। इस कार्य को लगभग 46.63 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ने से खपरी वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ▶▶| शेष पेज 10 पर

- सबस्टेशन की क्षमता अब बढ़कर 8 .15 एमवीए

## इबादत, भाईचारा और खुशियों का त्योहार

# दल्लीराजहरा में ईद को लेकर उत्साह, बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पवित्र इस्लामी पर्व ईद को लेकर दल्लीराजहरा शहर में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। रेलवे कॉलोनी स्थित मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रात होते ही मस्जिदों की रौशनी पूरे क्षेत्र को जगमगा रही है, जो ईद की आमद का खूबसूरत संदेश दे रही है। मुस्लिम समाज के लोग पूरे उत्साह के साथ नमाज, इबादत और त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

दल्लीराजहरा बाजारों में भी ईद की रौनक साफ नजर आ रही है। कपड़े, सेवइयां, मिठाइयां और इत्र की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं बड़े-बुजुर्ग भी इस पर्व को लेकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। ईद-उल-फितर रमजान के पवित्र महीने रोज़ा रखने के बाद जब चांद दिखाई देता है, तब ईद का त्योहार मनाया जाता है। संयम, दया और भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन लोग नमाज अदा करते हैं, गरीबों को जकात और फितरा देते हैं और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हैं।



**पुलिस प्रशासन की तैयारी**

ईद को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। कुल मिलाकर, दल्लीराजहरा में ईद का पर्व आस्था, खुशियों और भाईचारे का मजबूत संदेश दे रहा है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

मौलाना धर्मगुरु ने कहा कि ईद का त्योहार हमें सब्र, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। रमजान में रोज़ा रखने के बाद ईद हमें अल्लाह का शुक्र अदा करने का अवसर देती है।

हमें आपसी भाईचारे और मोहब्बत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। रईस खान (स्थानीय व्यापारी) का कहना है कि ईद को लेकर बाजारों में अच्छी रौनक है। लोग खुशी-खुशी खरीदारी कर रहे हैं। यह त्योहार व्यापार के साथ-साथ दिलों को जोड़ने का भी काम करता है।"शबाना परवीन (गृहिणी) ने बताया कि हम लोग घरों में सेवइयां और खास पकवान बना रहे हैं। बच्चों में बहुत उत्साह है। ईद हमारे लिए खुशी और परिवार के साथ समय बिताने का सबसे बड़ा अवसर होता है।

## सार समाचार

### तेज गति वाहन ने गाय को कुचला

**खड़गांव।** क्षेत्र में इन दिनों गायों को बड़े वाहनों द्वारा कुचला जा रहा है। गत 17 मार्च की रात्रि को आवापल्ली से रायपुर जा रही गाड़ी ने गाय के पैर को कुचल दिया। घटना के बाद चालक भाग गया। व्यापारी संघ के सदस्यों सहित ग्राम पंचायत के ग्राम सेवक टीकम ने घायल गाय को हटाया। आमजनों और व्यापारी संघ के सदस्यों ने बताया कि आवापल्ली से रायपुर जाने वाले वाहन काफी तेज गति से गुजरते है जिसके कारण मवेशी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। आए दिन हो रहे हादसों को देखते हुए सड़क पर ब्रेकर बनाना आवश्यक हो गया है। लोगों ने बताया कि रोड़ निर्माण के बाद बड़ी गाड़ियां काफी तेज गति से गुजरती है। वहीं कुछ चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते है जिससे भी दुर्घटना हो रही है। संतोष पटवा, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मण सोनकर, टीकम, लीला, विजय आदि ने ब्रेकर बनाने की मांग की है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी से 9 बल्क लीटर देशी शराब एवं एक एक्टिवा वाहन जप्त किया गया है। 1 गिरफ्तार आरोपी राधेश्याम निषाद पिता मोहन निषाद बुधवारीपारा निवासी है जिसे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने 17 मार्च को गिरफ्तार किया। अछोली नाला पुलिया के पास आरोपी राधेश्याम निषाद के कब्जे से 50 पौवा देशी शराब बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### घेराव में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को विधानसभा घेराव आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान श्री लोधी ने बढ़ती महंगाई, मनरेगा, बेरोजगारी, बिजली बिल, अफीम के



अवैध कारोबार, गैस की किल्लत, किसानों की समस्याओं आदि विभिन्न मुद्दों को उठाया। आंदोलन में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विपिन यादव, जितेन्द्र मुदलियार, संतोष पिल्ले, कुलबीर छबड़ा,रमेश डाकलिया, पदम कोटारी, राहुल तिवारी, पंकज बांधव, हरीश भंडारी, टीकेश साहू, जितेन्द्र सिंह भाटिया, पंचराम चंदेल, नरेश उइके, प्रताप धावड़े, धर्मेंद्र साहू, मतीन खान, दशरथ, फत्तू वर्मा, पारस टांडेकर, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, संजय यादव, गनपत रजत, नरेश करसे सहित अन्य शामिल हुए।

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की पहल

**मोहला।** जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ गत दिनों कलेक्टर तुलिका प्रजापति की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में किया गया। इस दौरान सीएमएचओ एसआर मांडवी उपस्थित थे। इस मौके पर विशेषज्ञों ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। इस अभियान का उद्देश्य जिले की अधिक से अधिक किशोरियों को टीकाकरण के माध्यम से सुरक्षित करना है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि यह अभियान सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में यह टीका लगभग 4000 में उपलब्ध है, जबकि शासकीय संस्थानों में निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### बलिदान दिवस को भव्य बनाने का आह्वान



**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव जिला लोधी समाज की खैरागढ़ में आयोजित बैठक में आगामी 22 मार्च को सेमरिया में आयोजित होने वाले अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सामाजिकजनों को पारित निर्णयों एवं कार्यक्रम के लिए निर्धारित सहयोग राशि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया गया। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया। बैठक में तीरथ चंदेल, जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, नंदकुमार चंदेल, लखन जंघेल, स्वरूप वर्मा, महेश्वर जंघेल, अशोक जंघेल, बालमुकुंद वर्मा, ओमकार लिल्हारे, उत्तम वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा, चेतन वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, डेराराम वर्मा, भागवत वर्मा, प्रकाश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, विश्राम वर्मा आदि मौजूद थे।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा आज से



**राजनांदगांव।** बासंतीय नवरात्र पर नवागांव (मेढा) डोंगरगढ़ में आगामी 19 मार्च से संगीतमय श्रीमद देवी भागवत का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा होगा। अंचल के ख्यातिप्राप्त कथाकार पं. मनोज शर्मा भंडारपुर वाले होंगे। 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा के कथारंभ होगा। शीतला मंदिर परिसर में कथा दोपहर 01 बजे शाम 05 तक होगी। देवी भागवत कथा 27 मार्च तक रहेगा। जिसमें नवमी पूजा, गीता, पुष्प वर्षा, भंडारा के साथ कथा विराम होगा। यह जानकारी सरपंच मदन देवांगन ने दी।

### होली मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव परिक्षेत्र में 17 मार्च को ड्योढीपार सेन समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष बेनीमाधव सेन, सचिव व प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ स्वप्नल श्रीवास, कोषाध्यक्ष रवि सेन, संरक्षक अशोक सेन, गणेश कौशिक, शुभम भार्गव, देवशरण सेन, धन्नूलाल सेन, कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन सेन, रोशन सेन, श्याम सेन, नंदू कौशिक, कलेश्वर सेन, खलेन्द्र सेन, बहल सेन, गैंदलाल सेन, लोकेश सेन, लिलार सिंह सेन, सुधीर कौशिक, गौकरन सेन व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी चालानी कार्रवाई

## अवैध परिवहन रोकने छोटी सड़कों पर बनेगा चेक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी छोटी सड़कों का चिन्हांकन किया जाए, जहां अवैध रूप से बड़े एवं भारी वाहनों के आवागमन तथा परिवहन की संभावना बनी रहती है। उन्होंने इन मार्गों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे और गार्डर अथवा बैरियर लगाए जाएं, ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इससे सड़कों की गुणवत्ता बनी रहेगी और ग्रामीणों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### मृत्यु दर में कमी लाने कार्य करने की आवश्यकता

कलेक्टर श्री यादव ने चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थलों में किए गए आवश्यक सुधार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। दुर्घटनाजन्य स्थानों में स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड, हाईमास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए नागरिकों को जागरूक करना आवश्यक है तथा सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए तथा हेलमेट नहीं लगाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने कहा। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों के सड़क किनारे नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की नियमित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### घायल का तत्काल इलाज

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि भारत सरकार की पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों को तत्काल एवं कैशलेस ईलाज की सुविधा दी जा रही है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए तक का कैशलेस उपचार पंजीकृत सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## पीएम आवास योजना के कार्यों को पूरा कराने विशेष महाभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- जनपद सीईओ पहुंचे पीएम आवास कार्यों का जायजा लेने

कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जनपद सीईओ श्रीमती केश्वरी देवांगन ने विकासखंड छुईखदान में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को पूर्ण कराने ग्राम पंचायत कृतबांस, कटंगी, देवपुरा ग. का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली तथा आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आगामी 3 दिवस में विकासखंड छुईखदान में लगभग 200 आवासों को पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए अब अधिकारी/कर्मचारी जमीनी स्तर पर जाकर अभियान चलाकर निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करा रहे हैं।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कॉलेज के पूर्व छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में गत दिनों समारोह आयोजित कर भूतपूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। यह आयोजन एलुमनी संगठन ने किया था जिसमें प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती संरक्षक के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में डॉ आरएन सिंह, डॉ एचएस भाटिया, डॉ दिनेश नामदेव, अधिवक्ता मुख्तार अहमद कुरैशी, गोपाल अग्रवाल, डॉ. बेबी नंदा मेश्राम, ललित किशोर नारंग, सुनील जैन, रमन डोंगरे आदि शामिल हुए। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं रजत पदक प्रदान करने भूतपूर्व छात्रों ने सहयोग दिया। इसी क्रम में मुसरा हाईस्कूल के प्राचार्य के. रघुनाथ ने 20 हजार, हेमचंद यादव विवि दुर्ग के खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने 11 हजार, ललित किशोर नारंग ने मेडल, डॉ आरएन सिंह एवं डॉ. बेबी नंदा मेश्राम ने 20-20 हजार, डॉ केके वर्मा ने 10 हजार की राशि प्रदान किया।



### अनुभव किया साझा

भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया। आयोजन में रमन डोंगरे, विपुल अग्रवाल, दविंदरसिंह भाटिया, उषा किरण शाह, रोहित वाल्दे, प्रफुल चावड़ा तथा योद्धा सिंह राठौड़ ने सहयोग दिया। संयोजक डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने रूपरेखा प्रस्तुत किया। अंत में ओर सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में घम्मन साहू को जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राष्ट्रीय नेतृत्व के परामर्श से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों व स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की है।

सूची में 84 नेताओं को कार्यसमिति सदस्य और 28 वरिष्ठ नेताओं को स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। सूची में जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा नेता घम्मन साहू को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन और समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले घम्मन साहू को लंबे समय से सक्रिय संगठनात्मक कार्य के लिए जाना जाता है। श्री साहू इससे पूर्व भाजपा के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क ने उन्हें जिले के प्रभावशाली नेताओं में शामिल किया है।

### समाज में है अच्छी पकड़

पूर्व जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके घम्मन साहू को सत्ता और संगठन दोनों का अनुभव है। विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के लिए सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश की राजनीति में प्रभावशाली सामाजिक वर्ग साहू समाज में मजबूत पकड़ मानी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके प्रदेश कार्यसमिति में आने से पार्टी को सामाजिक और संगठनात्मक दोनों स्तरों पर मजबूती मिलेगी। जिले के वरिष्ठ नेता को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है। भाजपा पदाधिकारियों ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए घम्मन साहू को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति केवल एक पद नहीं बल्कि सालो से संगठन के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान है। घम्मन साहू के अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।

# चारागाह की जमीन पर मल्टीफ्लेक्स का निर्माण, प्रशासन से की शिकायत

- नियमों के विपरीत अनुज्ञा दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नंदई-मोहारा रोड स्थित चारागाह की जमीन पर मल्टीप्लेक्स के निर्माण का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। इसी सप्ताह इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही है। एसडीएम द्वारा की गई जांच में खामियां पाई गई है। टाउन प्लानिंग एवं नगर निगम ने नियमों के विपरीत जाकर अनुज्ञा दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दमयंती मंडल अधिवक्ता रायपुर की शिकायत पर कमिश्नर दुर्ग के निर्देश पर एसडीएम राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन प्रक्रियागत त्रुटियां है। जांच के दौरान महत्वपूर्ण तथ्यों अभिलेख पर समुचित विचार नहीं किया गया। जिसके कारण निष्कर्ष गलत एवं पक्षकार के लिए अन्यायपूर्ण है। एसडीएम के प्रतिवेदन में कहा गया है कि नंदई-मोहरा मार्ग की चौड़ाई 30 मी. निर्दिष्ट है। जबकि तत्कालीन उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा मार्ग की चौड़ाई 45 मी. दर्शाते हुए अनुज्ञा जारी की गई है। जिसका अधिकार उन्हें प्राप्त नहीं है। तत्कालीन उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव द्वारा स्वयं ही राज्य सरकार की शक्तियों की अवधारणा करते विकास योजना के मार्ग की चौड़ाई में हेरफेर करते मल्टीप्लेक्स हेतु त्रुटिपूर्ण विकास अनुज्ञा जारी कर दी गई, जो अनुचित है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मल्टीप्लेक्स के स्वामी को उपयोग हेतु जो भूमि प्रदान की गई है, वह वैधानिक है। पहुंच मार्ग उपलब्ध न होने के बावजूद भी अनुज्ञा प्रदान कर दी गई है।

# झूलेलाल जयंती, महिला शक्ति की निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेट्रीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष में झूलेलाल जयंती से पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली शहर के लालबाग स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुई चौखड़ियापारा स्थित झूलेलाल नगर के सामाजिक भवन में पहुंचकर संपन्न हुई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई।

झूलेलाल जयंती से पूर्व संध्या पर समाज की महिला शक्तियों द्वारा मोटर साइकिल रैली निकाली गई। झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार देर शाम चौखड़ियापारा स्थित झूलेलाल नगर में सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई।



### महिलाओं में उत्साह

रैली के आयोजन को लेकर चांदनी तालरेजा, सरिता भोजवानी, पूजा रूचंदानी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि यह महिलाओं की रैली का तीसरा वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर सभी महिलाओं में खासा उत्साह रहता है। इस दौरान भगवान झूलेलाल की वेशभूषा में भी महिलाएं शामिल होती है।

### जयंती पर विविध आयोजन

सिंधी समाज द्वारा 20 मार्च को झूलेलाल जयंती मनाई जा रही है। झूलेलाल जयंती को लेकर शहर के लालबाग को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। इस दिन शहर के लालबाग क्षेत्र के भगवान झूलेलाल घाट पर विभिन्न धार्मिक आयोजन सहित प्रसादी का वितरण होगा। इस आयोजन में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

पेज 9 का शेष

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का ...

चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी जारी किया जाये। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भतऍ के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए। प्रदेश के पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाए। प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जावे। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अनियमित, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाये।. प्रदेश में आधार बेस्ड अटेंडेंस एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद किया जाए। विभागों में रिक्त पदों पर अतिशीघ्र भतऍ हेतु अनुमति दी जाए।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध 132 मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के द्वारा उपरोक्त मांगों को लेकर चतुर्थ चरण आंदोलन के तहत दिनांक 18 मार्च 2026 को जिला एवं विकासखंड स्तर पर भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन अनुरोध करता है कि उपरोक्त मांगो के यथाशीघ्र पूरा करने की आवेदन निवेदन किया गया।

जिला के महासचिव घनश्याम पुरी ने बताया कि अगर सरकार हमारी मांगे पूरा नहीं करती है तो आने समय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### झरनों की नगरी दल्लीराजहरा में ...

**स्थिति गंभीर, समाधान की दरकार:** एक ओर दल्लीराजहरा शहर की महिलाएं और नागरिक पानी की बूंद-बूंद के लिए जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। सच चाहे जो भी हो, लेकिन "झरनों की नगरी" में बढ़ता जल संकट प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है।अब देखना होगा कि यह मामला केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहता है या फिर शहरवासियों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### यातायात नियम तोड़ने वालों ...

धाराओं के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की गयी है। नो पर्किंग में खडे 145 वाहनों पर कार्यवाही कर 45,500 रूपए की कार्यवाही की गयी है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है की नेशनल हाईवे में बड़ी वाहनों को अवैधानिक रूप संकटापन्न स्थिति में खड़ी न करे, शहर में व्यस्तम मार्ग में सड़क किनारे अवैधानिक रूप से नो पार्किंग में वाहन खड़ी न करे, शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं।

### कोचेरा उपकेंद्र की क्षमता ...

ग्राम रायपुरा, बिजोरा, नारगी, डारागांव, खरथुली, देवरी, पारएँ, कोचेरा, सेमहरडीह, कोसमी और पारसाडीह के लगभग 2325 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। अब क्षेत्र में ओवरलोडिंग की समस्या समाप्त होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

उक्त कार्य को निर्धारित समय पर सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता आर.के.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता एस.के. राय, एस.के. बंड, सहायक अभियंता अजय विश्वकर्मा, एच.के. हिरवानी, डी.के. साहू एवं कनिष्ठ अभियंता नेहा साहू सहित तकनीकी टीम की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री साहू ने नवरात्रि पर्व प्रदेश की समृद्धि की कामना की

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को शक्ति उपासना



के महापर्व चैत्र नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने बधाई संदेश में श्री साहू ने कहा है कि चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के उत्तरोत्तर उन्नति के लिए कामना की है। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर 2080, चैत्र नवरात्रि और गुड़ी पड़वा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री साहू ने कहा है कि 18 मार्च से नव संवत्सर 2080 और चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है, साथ ही इस दिन गुड़ी पड़वा का पर्व भी बढ़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि आदि शक्ति मां दुर्गा की उपासना का पर्व है।

### ओजस्वी सिन्हा का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरूर की कक्षा



पंचम की बहन ओजस्वी सिन्हा पिता भूपेन्द्र कुमार सिन्हा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। बहन ओजस्वी सिन्हा प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रही है। जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर बहन ओजस्वी सिन्हा को विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू एवं समस्त आचार्य दीदियों एवं समिति के अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, व्यवस्थापक जयंत किरी, कोषाध्यक्ष कौशल साहू एवं समिति के समस्त सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### जिपं की सामान्य सभा 27 को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 मार्च को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### गंगा मैया तीर्थ में निःशुल्क महाप्रसादी सेवा



**बालोद।** सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति बेलमांड द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गंगा मैया तीर्थ में माता दर्शन के लिए पहुंचने वाले सभी सनातनी भक्तों के लिए निःशुल्क महाप्रसादी की व्यवस्था की गई है। इस महाप्रसाद सेवा की विशेषता यह है कि यहां पधारे भक्तजनों के लिए बैठकर प्रसादी की व्यवस्था है, दूसरा पर्यावरण संरक्षण के लिए यहां थाली, कटोरी और स्टील गिलास का ही प्रयोग होता है, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर पर्यावरण के इजारुक कृष्ण का एक प्रयास संस्था द्वारा की जा रही है। साथ ही यह सेवा गंगा मैया ट्रस्ट द्वारा संचालित किसी भी प्रसादी सेवा में बिना बाधा पहुंचाए यह सेवा संचालित की जाती है। समिति के सभी सदस्य तैयारी में पूरे उत्साह से जुट हुए हैं।

## निधन

### रामजी विश्वकर्मा

**बालोद/कलंगपुर।** बालको कोरबा से इंजीनियर पद से सेवा



निवृत्त ग्राम कलंगपुर निवासी रामजी विश्वकर्मा 65 वर्षीय का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अंतर्राष्ट्रीय कवित्री गीता नेह विश्वकर्मा के पति थे।

# विसं 2083 के स्वागत में दल्लीराजहरा में होंगे दो दिनी कार्यक्रम, तैयारियां पूरी

## हर घर से दीपक लाकर आरती में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत इस बार ऐतिहासिक और भव्य अंदाज में होने जा रहा है।

सर्व समाज समरसता समिति द्वारा 19 एवं 20 मार्च 2026 को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता के रंग में रंग देगा। आयोजन को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि इस वर्ष नववर्ष उत्सव को जन-जन की सहभागिता से भव्य स्वरूप दिया जाएगा। बैठक में कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 19 मार्च को दल्ली राजहरा और चिखलाकसा क्षेत्र के लगभग 100 स्थानों पर एक साथ संध्या 7 बजे भारत माता की सामूहिक आरती का आयोजन होगा। इस दौरान सवा लाख दीपों से सजे नगर में दीपोत्सव की अद्भुत छटा बिखरेगी। हर घर से पांच दीपक लेकर आरती में शामिल होने की अपील की गई है, जिससे पूरा शहर एक साथ प्रकाश और श्रद्धा के महासागर में डूबा नजर आएगा।



### बाइक रैली निकाली जाएगी

दूसरे दिन 20 मार्च को मुख्य आयोजन और भी आकर्षक होगा। दोपहर 4 बजे शिव संस्कार धाम से भव्य मोटर साइकिल रैली निकलेगी, जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए उत्सव का संदेश हर गली और हर मोहल्ले तक पहुंचाएगी। रैली में पारंपरिक और सांस्कृतिक रंग देखने को मिलेंगे, जो नववर्ष के स्वागत को और विशेष बनाएंगे। संध्या 7 बजे राम मंदिर के सामने 1001 थालियों के साथ भारत माता की भव्य सामूहिक आरती आयोजित की जाएगी। हजारों दीपों की रोशनी और श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस क्षण को अविस्मरणीय बना देगी। इसके पश्चात अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें नववर्ष के महत्व और भारतीय संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला जाएगा। यह आयोजन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक बनने जा रहा है। दल्ली राजहरा इस नववर्ष पर एक ऐसे उत्सव का साक्षी बनेगा, जो आने वाले वर्षों तक लोगों के दिलों में अपनी छाप छोड़ेगा।

## पर्व : भजन-कीर्तन, जागरण और दुर्गा सप्तशती पाठ की तैयारी

# चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़





हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा दल्लीराजहरा शहर भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया है। शहर का माहौल इन दिनों पूरी तरह देवीमय हो गया है। हर गली, हर चौक और हर मंदिर जय माता दी के जयघोष से गूंजेगा। दल्लीराजहरा शहर में मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा, जगमगाती झालर लाइटें और अखंड ज्योति की दिव्य आभा ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया है। श्रद्धालुओं में ऐसा उत्साह है मानो पूरा शहर एक विशाल धार्मिक आयोजन में तब्दील हो रहा है। मंदिरों में दिखी भव्य तैयारियां, श्रद्धा का अनोखा दृश्य, शहर के प्रमुख झरण मंदिर, दुर्गा मंदिर, रेलवे मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। मंदिरों को रंगीन रोशनी, फूलों



और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया है।हर मंदिर में साफ-सफाई से लेकर दर्शन व्यवस्था तक का विशेष ध्यान रखा गया है। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और जागरण की भी तैयारी की गई है।

पुजारियों का कहना मां की भक्ति से दूर होंगे सभी संकट झरण मंदिर के पुजारी ने बताया चैत्र नवरात्रि शक्ति की उपासना का सबसे बड़ा पर्व है। मां दुर्गा की सच्चे मन से आराधना करने पर सभी दुख और संकट दूर होते हैं। इस बार मंदिर में विशेष पूजा और अखंड ज्योत की व्यवस्था की गई है।

दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्री तिवारी और लोहिया ने कहा नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का पर्व है। भक्त इन नौ दिनों में संयम, श्रद्धा और भक्ति के साथ मां की पूजा करते हैं, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। श्रद्धालुओं में उमंग हर साल से ज्यादा खास है इस बार स्थानीय श्रद्धालु सीमा साहू ने कहा हम हर साल नवरात्रि मनाते हैं, लेकिन इस बार शहर की सजावट और माहौल बहुत ही अद्भुत है। परिवार के साथ व्रत और पूजा करने का अलग ही आनंद है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश वर्मा ने बताया नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं है, यह समाज को जोड़ने वाला उत्सव है। इस दौरान लोगों में एकता और सकारात्मक सोच देखने को मिलती है।

### 9 दिनों का व्रत

घरों में कलश स्थापना करते हैं,अखंड ज्योति जलाते हैं,नौ दिनों तक व्रत और उपवास रखते हैं,मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और जागरण करते हैं। यह पर्व नए साल (हिंदू नववर्ष) की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है।

### दल्लीराजहरा शहर में पुलिस की व्यवस्थाएं भी चाक-चौबंद

दल्लीराजहरा शहर के मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, रोशनी, सफाई और भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवक भी तैनात किए गए हैं।

### आस्था का उत्सव, ऊर्जा का संदेश

दल्लीराजहरा में इस बार चैत्र नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था का उत्सव बन गया है। मंदिरों की रौनक, भक्तों की श्रद्धा और पूरे शहर की भागीदारी इस आयोजन को भव्यता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रही है। नवरात्रि का यह पर्व एक बार फिर यह संदेश दे रहा है कि आस्था, एकता और सकारात्मक ऊर्जा से ही समाज मजबूत बनता है।



# सीजी पीएससी में रोहित देवांगन का चयन

**अंडा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम नगपुरा में किराना दुकान संचालन करने वाले भगवती राम देवांगन का सबसे छोटे पुत्र रोहित देवांगन ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) के महिला बाल विकास विभाग के अधीक्षक पद (बाल देखरेख संस्थान) की परीक्षा वर्ष 2025 के 47 पद में 5 वें स्थान प्राप्त कर प्रवीणता सूची में नाम दर्ज कर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

अवगत हो अब तक के सभी चुने जाने वाले होनहार सामान्य पारिवारिक परिस्थिति और सीमित संसाधन के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में अपनी लगन, इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के बल पर पिछले दो तीन वर्ष में नगपुरा से ही सीजी पीएससी में चयनित होकर उच्च पदों पर शासकीय सेवा दे रहें है। जिसमें प्रमुख रूप से हेमंत सिंहा सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग कांकेर, हुलेश्वर नाथ खूंटे तहसीलदार राजस्व विभाग दुर्ग और उत्तम महोबिया मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंडागांव में कार्यरत हैं। इसी कड़ी में रोहित देवांगन के इस गौरव शाली उपलब्धि पर अंचल में हर्ष का माहौल है। वरिष्ठ नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने निज निवास जाकर रोहित देवांगन का मुंह मीठा करवाकर श्रीफल साल भेंट कर सम्मान किया गया और माता पिता सहित सभी परिवार जनो को बधाई दी गई तथा रोहित देवांगन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकर, रविंद्र सिंहा,आदर्श विद्यालय के संचालक सुरेश सिंहा,पूर्व अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति रोहित देवांगन,अध्यक्ष साहू समाज खिलेंद्र साहू, प्रकाश गुप्ता, डॉ भीखम धनकर, ताम्रज सिन्हा,संजय देशमुख, सरोज नेताम,निर्मला सिन्हा, लक्ष्मी मेहर तथा पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव मौजूद रहे।

# ओडासकरी में यूथ क्लब गठित



**बालोद।** युवाओं और किशोरियो को जागरूक कर आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से चैतन्य संस्था एनजीओ की ओर से बिहान कार्यक्रम के तहत कलस्टर स्तर पर यूथ क्लब ग्रुप का गठन किया गया।

जिसके तहत बिहान कार्यक्रम सहयोगी संस्था चैतन्य द्वारा युवाओं और किशोरों को जेंडर भेदभाव, पोक्सो अधिनियम की जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 12 से 18 बच्चों का यूथ ग्रुप बनाया गया है, जिन्हें सामाजिक एवं व्यक्तिगत विकास से जुड़े विषयों पर सत्र प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके तहत गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत ओडासकरी में यूथ सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कार्डिनेटर खुशबू साहू ने युवाओं को बताया कि विद्यालय में कई बार बच्चे पढ़ाई के दौरान ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं के माध्यम से बच्चों को जागरूक कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे वे अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं भविष्य को बेहतर ढंग से समझ सके।

# राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में तुलेश्वर और चितेश का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



भारतीय नेटबॉल संघ द्वारा आयोजित जुनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद विकास खण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद से तुलेश्वर पिस्दा और चितेश साहू का चयन छत्तीसगढ़ की टीम मे हुआ। प्रतियोगिता 22 मार्च से उत्तर प्रदेश के मेरठ जिला में आयोजित होनी है। प्रतियोगिता में विजयी होने के लिए बालोद जिला की शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक स्वपन जेना, गुण्डरदेही विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, विकास खण्ड खेल अधिकारी टीकाराम साहू, शाला के प्राचार्य बीआर साहू, सरपंच सुंदरलाल देवदास और खिलाड़ियों के कोच और व्यायाम शिक्षक सजेश भोरकर ने हर्ष व्यक्त की। वर्श 2025–26 में स्कूल से 9 खिलाड़ी स्कूल गेम्स ऑफ फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नेटबॉल खेल में शामिल हो चुके है।

# नवरात्रि में महिला कमांडो चलाएंगी जनकल्याण अभियान, गांव-गांव में जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ गांव-गांव में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण देने की पहल



नवरात्र के अवसर पर नव जन कल्याणकारी कार्य महिला कमाण्डो अपने अपने ग्रामों में करेगी। जिसमें सिविल डिफेंस का प्राशिक्षण ग्राम स्तर पर देकर लोगों को प्राशिक्षित करेगी।

जिसके तहत ग्राम स्तर पर ही बाइक चालकों को हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने हेतु प्रेरित करेगी। साइबर क्राइम से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करेगी। घर का पानी गलियों में ना बहने पाये इसके लिये पानी निकालने की जगह पर सोखता गडडा बनाने हेतु प्रेरित करेगी। वाटर लेबल बनाये रखने के लिये किसानों को अपने खेतो मे तलाब बनाने प्रेरित करेगी। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु जनभागीदारी से कापी पहाड़ा, पेन देकर प्रोत्साहित करेगी। असामाजिक तत्वो के ऊपर गांधीवादी तरिके से अंकुश लगाने का प्रयास करेगी। घरेलू हिंसा रोकथाम हेतु प्रयास करेगी। एकता भाईचारा को बढ़ावा देते हुये शांति स्थापित करने प्रयास करेगी। शमशाद बेगम ने बताया नवरात्र के अवसर नव जन कल्याणकारी कार्यो को शुरूआत करेगी, महिला कमाण्डो लगातार ऐसे कार्य करती रहेगी।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर वेदांत मानस संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

समीपस्थ महर्षि मुक्ताश्रम सेवा न्यास आश्रम हथौद में ब्रह्मलीन स्वामी आत्मा राम कुम्भज महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सभी वेदांत पथिक साधकों द्वारा गुरुदेव की आरती के साथ वेदांत मानस संगोष्ठी की शुभारंभ की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संत फकीर साहू थे।

अध्यक्षता अध्यक्ष मुक्ताश्रम हथौद गोविंद साहू ने किया। विशेष अतिथि कांशीराम जैन हलबा, प्रवीण अग्निहोत्री, लोकेश गायकवाड़ रहे। वेदांत मानस संगोष्ठी की शुरुआत रविकांत साहू द्वारा प्रारंभ हुई आपने स्वामी जी साथ बिताए समय के साथ सद्गुरु कबीर साहब के साथ वेदों और उपनिषदों का उद्धरण रखा। द्वितीय वक्ता के रूप में स्वामी ज विचारों को प्रवाहित करते सिर्राभाठा से अमृतानंद विचार रखा। संत बाबा फकीर साहू उड़कुड़ा ने महर्षि मुक्त जी महाराज और स्वामी आत्मा रामजी कुम्भज को याद करते मुक्त सिद्धांत का रति पादन



किया। भाई कांशीराम जैन ने स्वामी की के वेदांत के साथ छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृ ति को समन्वित करने की तारीफ की। प्रवीण अग्निहोत्री ने स्वामी कुम्भज जी द्वारा वनांचल में भगवान मुक्त की परंपरा को जीवित कर वेदांत जीवन दर्शन की बस्तर में लोकप्रियता देने कृपा को याद किया। लोकेश गायकवाड़ ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान में बिताए दिनों को याद किया। हेमंत सिन्हा ने कहा कि स्वामी जी जैसा व्यक्तित्व दुर्लभ है। भारत कौशिक ने कहा कि स्वामी कुम्भज जी जैसा केवल कुम्भज जी ही है उनका कोई विकल्प नहीं है। मंच संचालन करते हुए स्वामीकुंभज के शिष्य प्रखर वेदांत प्रवक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने स्वामी जी के सहजता, विद्वता, ज्ञान की पराकाष्ठा में पहुंच के साथ दिव्य और भव्य दिव्यदृष्टि की चर्चा की। साथ ही याद दिलाया कि भारत में इतिहास दोहराया स्वामी जी ने की गई चराने वाला ही गीता कहता है, स्वामी जी ने भी गाय भैंस चराते हुए तेईस हजार ग्रंथों को कंठस्थ किया। जो उनके घर रवाह संबोधन में दिखती थी। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्ट के जागेश्वर साहू, पवन साहू, लखन मंडावी, रामभरोसा साहू, संतोष सिन्हा, पुरुषोत्तम ठाकुर, देवेंद्र साहू, ओमप्रकाश गजेंद्र, मुरली साहू, प्रमोद कुमार साहू, सहित आस पास के मुक्तनुरागी जनों जकी उपस्थिति रही। आभार जागेश्वर साहू ने व्यक्त किया।

# हथौद में मां कर्मा महोत्सव मनाई

## महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा और की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

परिक्षेत्र साहू समाज देवरी बंगला के तत्वावधान में ग्राम हथौद में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके पश्चात कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया।

कलश यात्रा के बाद अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टुमन लाल साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ बालोद) रहे, अध्यक्षता किशोरी लाल साहू (कार्यकारी अध्यक्ष, जिला साहू संघ बालोद) ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार हिरवानी (अध्यक्ष, तहसील साहू समाज देवरी बंगला) उपस्थित रहे।

विशेष अतिथियों में अविनाश साहू (उपाध्यक्ष, तहसील साहू समाज देवरी बंगला), पुष्पा कश्यप (सदस्य, न्याय प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बालोद), पोषण बनपेला (कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश साहू संघ), उर्मिला साहू (उपाध्यक्ष, तहसील साहू संघ देवरी बंगला), धनेश्वरी साहू (संगठन सचिव), लीला साहू एवं ऐवनी साहू (प्रचार सचिव), गुड्डू सोनबरसा (अध्यक्ष, परिक्षेत्र रानीतरई), ओमदास सार्वा (परिक्षेत्र अध्यक्ष, जेवरतला), छक्कन साहू (संरक्षक, जेवरतला), बरसन भुआर्य (सेवानिवृत्त शिक्षक), सी.एस. मरावी (सेवानिवृत्त पटवारी) तथा महेश उर्वशा (उपसरपंच, हथौद) शामिल रहे। मुख्य अतिथि टुमन लाल साहू ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता और परंपराओं के पालन पर जोर देते हुए कहा कि समाज की आचार संहिता का पालन सभी के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज देवरी बंगला के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हिरामन साहू (हथौद) सहित परिक्षेत्र के पदाधिकारी, विभिन्न गांवों के अध्यक्ष, स्वजातीय बंधुजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।

# देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन व होली मिलन





**बालोद।** बालोद ब्लॉक देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन मां परमेश्वरी भवन आमापारा बालोद में किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन थे। अध्यक्षता लक्ष्मण देवांगन ने किया। विशेष अतिथि केशर देवांगन, टीकेन्द्र देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, बी एल देवांगन, एम एल देवांगन एवं अन्य अतिथियों का आगमन हुआ। वहीं ब्लॉक देवांगन समाज के द्वारा सुबह 10 बजे मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना के पश्चात होली मिलन का आयोजन हुआ। भोजन अवकाश के बाद आय व्यय का लेखा–जोखा, सामाजिक प्रकरणों का आपसी सामंजस्य से निराकरण एवं सामाजिक गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श किया गया।



## खबर संक्षेप

### सुरसुली स्कूल के दो छात्रों का नवोदय में चयन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुरसुली से रूपाली यादव, पिता मुकेश यादव व चिराग साहू, पिता अंगेश साहू का नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025-26 में चयन होने पर शाला परिवार में अत्यंत हर्ष का माहौल है। दोनों बच्चे शुरू से ही मेधावी हैं। रूपाली यादव का बालोद जिले में 2 रैंक और चिराग साहू का 28 रैंक आया है। बच्चों को सत्र की शुरुआत से ही नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी कराई गई। जिसमें शाला के गुरुजन व पालकों का भरपूर सहयोग रहा। बच्चों के चयन होने पर शाला की प्रधान पाठिका ललिता सिन्हा, कक्षा शिक्षिका प्रीतिबाला सोयाम, रत्नावली साहू, खुशबू साहू, शाला प्रबंध समिति व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### मां बहादुर कलारिन कॉलेज में 1 अप्रैल से समर कैंप का आगाज

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में 1 अप्रैल से 30 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कंप्यूटर बेसिक कोर्स, हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग, टेली, स्पोकन इंग्लिश, प्रतियोगी परीक्षाओं की सम्पूर्ण तैयारी एवं व्यापम परीक्षा के पूर्व प्री टेस्ट लिया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को कोर्स पूर्ण करने के उपरांत महाविद्यालय के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा जिसमें उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसलिए गुरुर अंचल के समस्त छात्र–छात्रएं जो हायर सेकेंडरी के पश्चात महाविद्यालय के द्वारा जो गूगल फॉर्म दिया गया है। उस लिंक में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें। इसका आप सभी विशेष रूप से ध्यान रखते हुए अपना सीट निर्धारित कर लें।

### मां कर्मा जयंती महोत्सव 21 मार्च को

**गुरूर।** ग्राम कान्हरपुरी में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन शनिवार 21 मार्च 11 बजे रखा गया है। कार्यक्रम का शुरुआत कलश शोभा यात्र निकाल कर किया जाएगा, भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन जितेंद्र कुमार शौरी होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद महेंद्र कुमार साहू करेंगे, विशिष्ट अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिंहा, पुर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, सभापति कृषि विभाग जिला पंचायत बालोद तेजराम शाहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू, विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर डॉक्टर किशोर साहू, पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ रामदयाल शाहू, वरिष्ठ समाज सेवी परिक्षेत्र मोखा कौशल साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरुर दुष्यंत कुमार साहू, ललिता पीमन साहू, संगठन सचिव तहसील साहू संघ गुरुर लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी शाहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद पंचायत गुरुर संध्या अजेंद्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम शाहू, विधायक प्रतिनिधि सुमित राजा राजपूत होंगे।

## बैठक : बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन चलाने पर अभियान तेज

# सड़क सुरक्षा पर कलेक्टर सख्त, यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए ठोस और सतत कार्रवाई आवश्यक है।

■ दुर्घटना रोकने जागरूकता और स्पीड ब्रेकर पर जोर

उन्होंने वाहनों के अव्यवस्थित पार्किंग, शराब पीकर वाहन चलाने तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन दोनों बढ़े।

कलेक्टर मिश्रा ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर सुझाव भी लिए। उन्होंने शहर के प्रमुख स्थानों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता होर्डिंग्स लगाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रें की पहचान कर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने सभी संबंधित विभागों को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यातायात प्रभारी ने बैठक में जानकारी दी कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने, शराब सेवन कर ड्राइविंग करने और अव्यवस्थित पार्किंग करने वालों पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं।

## चैत्र नवरात्रि आज से शुरू मंदिरों में तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि शुरू होती है। चैत्र नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो रहा है। इसी दिन घर-घर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के लिए कलश स्थापना होगी। माता देवालय और मंदिरों में अखंड ज्योति कलश व जवारा की स्थापना होगी।

नर्मदाधाम सुरसुली व शीतला माता मंदिर मार्री बंगला में नवरात्रि पर्व पर भव्य तैयारियां की गई है। ज्योति कलश की स्थापना दोपहर 12:00 बजे होगी। देवी श्रृंगार एवं पंचमी भोग 23 मार्च शाम 6:00 बजे होगा। प्रतिदिन शाम को महाआरती एवं जस गीत गायन होगा। चैत्र नवरात्रि से हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होगा। ग्राम संजारी के शीतला मंदिर, भंडेरा के शिव मंदिर, थाना के पास हनुमान मंदिर, देवरीबंगला के शीतला मंदिर, परसुली के शेष गणेश मंदिर में जोत जवारा की स्थापना की जाएगी। इसी प्रकार नगर के शीतला मंदिर, काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिर, देवालयों में जोत जवारा की स्थापना कर 9 दिनों तक पूजा अराधना की जाएगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बने गोविंद



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातराई निवासी गोविंद चन्द्राकर को गुण्डरदेही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चुना गया है। जिस पर कौशिक राम साहू, परमेश्वर साहू, द्वारिका साहू, पोषण ढीमर, कमलेश्वर कन्नौजे, देवशरण साहू, राकेश चन्द्राकर, रामू यादव सहित क्षेत्र के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हर्श व्यक्त किया है।

## लाइनमैन ताम्रकार को सेवा निवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंडा में बिजली कर्मचारी वरिष्ठ लाइनमैन राजेन्द्र प्रसाद ताम्रकार के सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। दुर्ग जिले के ग्राम अंडा में अपनी सेवा दी विद्युत मंडल केंद्र से सेवानिवृत हुए। कार्यकाल को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूर्ण कर रिटायर हुए। राजेन्द्र प्रसाद ताम्रकार ने बिजली विभाग में नौकरी कर अपने सारे कर्तव्यों का निर्वहन किया। अंडा विद्युत मंडल सब स्टेशन कार्यालय पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन बिजली कंपनी के समस्त कर्मचारियों के द्वारा रखा गया। सभी कर्मचारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र के साथ साल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### ये रहे उपस्थिति

इस अवसर पर विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्ना हुआ। आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्युत मंडल ए ई दुर्ग ग्रामीण श्रीकांत बरगैया, ए ई बघेरा उपसंभाग अविनाश दुबे,जे ई कमल किशोर, धनेश चन्द्रकार, लाकेश बाकड़े, दिलेश्वर देशमुख, जागेश्वर देशमुख, शिवकुमार यादव, टिकेश्वर यादव, दिनेश डिमर, लोकनाथ दिल्लीवार, विक्रम निर्मलकर, अरुण साहू नरेंद्र साहू, टूलेन्द्र साहू, ताराचंद साहू गजेंद्र सहित सभी के कर्मचारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कुसुमकसा स्टेशन में एक घंटे खड़ी रही ट्रेन, यात्रियों ने जताई नाराजगी

**कुसुमकसा।** दोपहर लगभग 12 बजे ताड़ोकी से रायपुर जा रही मेमू पैसेंजर ट्रेन को कुसुमकसा रेलवे स्टेशन में करीब एक घंटे तक खड़ा रखा गया। जानकारी के अनुसार, बालोद की ओर से आ रही डीईएम पैसेंजर ट्रेन के क्रॉसिंग के कारण यह स्थिति बनी। लंबे समय तक ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा और कई यात्री ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म पर इधर-उधर घूमते नजर आए।

■ गर्मी से बेहाल यात्री, प्लेटफार्म पर घूमते रहे

सबसे बड़ी समस्या यह रही कि ट्रेन के किसी भी डिब्बे में शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिससे विशेषकर महिला यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। यात्रियों ने इस व्यवस्था को लेकर रेलवे विभाग की लापरवाही बताते हुए कड़ा रोष प्रकट किया। इसी दौरान रायपुर से अंतागढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन कुसुमकसा स्टेशन के दूसरे ट्रैक पर पहुंची, जहां प्लेटफार्म नहीं होने के कारण यात्रियों को चढ़ने-उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुजुर्ग महिला और पुरुष यात्रियों को विशेष रूप से परेशानी हुई।मिली जानकारी के अनुसार, ताड़ोकी से मरोदा तक अधिकांश स्टेशनों में केवल एक ही प्लेटफार्म है। जिसके चलते ट्रेनों की क्रॉसिंग के समय एक ट्रेन को बिना प्लेटफार्म वाले ट्रैक पर खड़ा करना पड़ता है। इससे यात्रियों को रोजाना असुविधा झेलनी पड़ रही है। यात्रियों ने मांग की है कि प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाए और ताड़ोकी-रायपुर मार्ग की ट्रेनों में शौचालय युक्त डिब्बे लगाए जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## पीएम श्री स्कूल संबलपुर में 'एक्सपर्ट टॉक' का आयोजन विशेषज्ञों ने दी पर्यावरण संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में प्राचार्य दयालु राम पीकेश्वर, शिक्षक कुमार संभव देवांगन एवं बीएफओ धनीता साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत गरिमामय ढंग से किया गया।

■ पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण पर जोर

मुख्य अतिथि धनीता साहू ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संतुलन में वनों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वन्यजीवों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने वन महोत्सव, शिक्षा विभाग के वृक्षारोपण अभियान तथा एक पेड़ मां के नाम जैसी गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्राचार्य दयालु राम पीकेश्वर ने शिक्षा के साथ सामाजिक सहभागिता के महत्व को बताते हुए कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड तथा रोवर-रेंजर जैसी गतिविधियों के माध्यम से सेवा भावना, राष्ट्रप्रेम एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने की प्रेरणा दी। वहीं, शिक्षक कुमार संभव देवांगन ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं से अवगत कराया तथा आधुनिक शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रधानपाठक वीणा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार दिल्लीवार ने किया। इस अवसर पर घना राम सिन्हा (प्रधान पाठक भरदा) सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी एवं दिव्या भारती सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनीया माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने और रचनात्मक गतिविधियों को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न दायित्वों का वितरण किया गया।

■ संगठन को मजबूत करने बांटी गई जिम्मेदारियां, रचनात्मक कार्यों को गति देने का लिया संकल्प

पुनर्गठन के दौरान नंदकिशोर पिस्दा को समन्वयक तथा संतोष कुमार कोरटिया को सह समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यालय संचालन की जिम्मेदारी धर्मपाल नायक को दी गई, जबकि विद्या विस्तार कार्य हेतु विजेंद्र विश्वकर्मा एवं नाथूराम शिवाने को दायित्व सौंपा गया। अनुदान कोष के लिए सोनसाय लटियारे को प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी डोमन लाल यादव को दी गई, जिनके सह प्रभारी के रूप में हेमंत कुमार आर्य कार्य करेंगे। ट्रस्ट संबंधी कार्यों के लिए हीरा लाल पंवार को दायित्व सौंपा गया। भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार हेतु संजय कुमार खरे को प्रभारी तथा राजेंद्र कुमार देशमुख को सह प्रभारी बनाया गया।

रचनात्मक आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए ज्ञान सिन्धु आर्य एवं बंशी लाल रावटे को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया समन्वय का दायित्व चंद्रशेखर पंवार और संतोष कुमार साहू को सौंपा गया। नारी जागरण के क्षेत्र में सावित्री सोनी को प्रभारी तथा नागेश्वरी विश्वकर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। युवा गतिविधियों के संचालन हेतु त्रिभुवन राणा और डोमन सिंह लेंडिया को जिम्मेदारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित परिजनों ने संगठन के प्रति समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। पुनर्गठन के माध्यम से संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई गई तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## कनेरी में मां कर्मा मैया व भगवान जगन्नाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**गुरूर।** ग्रामीण झिरिया साहू समाज कनेरी द्वारा मां कर्मा मैया एवं भगवान जगन्नाथ जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं नवीन अतिरिक्त कमरा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके तहत सुबह 09 बजे कलश यात्रा निकाली गई व सुबह 11 बजे प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर मिथलेश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू, अध्यक्ष भाजयुमो बालोद आदित्य पिपरे, परिक्षेत्र साहू संघ पुरूर नेतराम साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संतोशी होरी लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी पन्ना लाल सिन्हा, पंच शिवेन्द्र अशोक साहू, ज्योति सोहन साहू, सावित्री भूपेन्द्र साहू व अध्यक्ष ग्रामीण झिरिया साहू समाज कनेरी व ग्रामीण महिलाएं, पुरूश उपस्थित थे।



## सशिमं में डौंडीलोहारा के 27 विद्यार्थी कक्षा आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय डौंडीलोहारा में केंद्रीकृत आठवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र, कक्षा आठवीं में 27 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। प्रथम दिवस संस्था प्रमुख प्राचार्य डोमार सिंह साहू एवं केंद्राध्यक्ष कपिल पटेल, परीक्षा प्रभारी प्रफुल्ल देशमुख ने सभी छात्रों को तिलक वंदन कर एवं मिठाई खिलाकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया। सर्वोत्तम परिणाम एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की परीक्षा उपरांत अभिभावकों, कुशल विषयाचार्य एवं प्राचार्य द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर समूह में गणित प्रश्न पत्र के एक-एक प्रश्न पर चर्चा कर जिज्ञासा समाधान किया गया और अपना आकलन, अंको का समाकलन करने को कहा गया। सभी विद्यार्थियों ने अच्छे प्रश्न पत्र की सराहना की, पहली बार एक ही पेपर में प्रश्न और उत्तर लिखने के पैटर्न को देखकर आकलन की गहराई को पहचाना। अभिभावकों ने कहा की प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका एक साथ होने से वर्तमान और भविष्य के लिए भैया बहनों के लिए अच्छा होगा। उक्त जानकारी परीक्षा प्रभारी सेवंत देवांगन ने दी।

■ विद्यार्थियों का तिलक व मिठाई से स्वागत

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में आयोजित इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रें की 03 नियोजक कंपनियों द्वारा कुल 218 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के लगभग 64 आवेदकों ने इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसमें प्रारंभिक रूप से कुल 24 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।




## भागवत कथा में श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का किया दिव्य वर्णन

### कथावाचक ने धर्म और आदर्श जीवन का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बुधवार को श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पावन प्रसंग श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भगवान के जयकारों से गूंज उठा।

कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने श्रीराम जन्म का वर्णन करते हुए कहा भगवान श्रीराम मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनके जीवन से सत्य, कर्तव्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा मिलती है। इसके पश्चात श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग अत्यंत भव्य रूप में मनाया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय आया, पूरे कथा स्थल में उत्साह का माहौल बन गया। भक्तों ने झूमकर नृत्य किया, भजन-कीर्तन हुए और भगवान के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कथावाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उनके जीवन की लीलाएं हमें प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

